सार-समाचार

जसोल में रोजा इफ्तार पार्टी हुई

बालोतरा, (निसं)। स्थानीय जमा मस्जिद जसोल में गुरुवार को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जसोल ग्रामवासियों द्वारा रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गंगा -जमुनी तहजीब देखने की मिली। बालोतरा पंचायत समिति प्रधान भगवत सिंह जसोल , ग्राम पंचायत जसोल प्रशासक ईश्वर सिंह चौहान , पूर्व सरपंच भंवरलाल भन्साली व ग्रामवासी जमा मस्जिद पहुँचे। जहां रोजेदारों को फल खिलाकर व ज्यूस रोजे खुलवाए। इस वर्ष ग्रामवासियों की ओर से जमा मस्जिद जसोल के मौलाना शौकत अली अकबरी का साफा व माला पहना कर स्वागत किया। प्रधान भगवत सिंह जसोल ने कहा कि जसोल कस्बा साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल है। रमजान का महीना रहमतों व बरकतों से भरा होता है। सरपंच ईश्वर सिंह चौहान ने कहा कि कई वर्षो से लगातार मुझे मुस्लिम समाज के भाईयो को रोजा खुलवाने अवसर मिल रहा है।। देश में अमन व चैन कायम हो। रोजा रखना सिर्फ भूखे प्यासे रहने का नहीं बल्कि आत्मा को शुद्ध करने और नेकी के रास्ते पर चलने की इबादत है। इस अवसर पर वार्ड पंच याकूब खान, राजेन्द्र बाघमार, हरचन्द सोलंकी, पुखराज प्रजापत, पीरु खाँ, हाजी अल्लाहबक्श खां, मनोहर जोगसन, छगनलाल प्रजापत,अकरम पठान, खीमाराम मेघवाल,गोरखाराम प्रजापत,आदम खान, राकेश सैन, हनुमान सिंह चौहान, डायाराम मेघवाल, वि म सिंह राठौड,माणक गहलोत, ओमप्रकाश प्रजापत , हेमसिंह दहिया, फकरुदीन, सिकंदर खान, मोहम्मद सफी, शाहनवाज खान, इंसाफ अली आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सफरु खान जसोल ने किया।

पाली में 6 गैस सिलेंडर, 1 भट्टी जब्त

पाली, (नि.स.)। पाली में रसद विभाग ने कार्रवाई करते हुए घरेलू गैस सिलेंडरों का दुरुपयोग पकड़ा। टीम ने 6 गैस सिलेंडर और एक भट्टी जब्त की।पाली रसद विभाग के प्रवर्तन अधिकारी कमल कुमार पंवार ने बताया कि घरेलू सिलेंडर के व्यवसायिक दुरुपयोग किए जाने की जानकारी मिलने पर टीम ने गुरुवार को महावीर फूड पॉइंट से 4 घरेलू सिलेंडर, 1 भट्टी जब्त की। साथ ही नवेद यम फास्ट ब्रेक वीर दुर्गादास नगर से 2 घरेलू सिलेंडर जब्त करने की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान भारत कुमार प्रवर्तन निरीक्षक भी शामिल रहे। उन्होंने बताया कि दोषियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्रवाई की जाएगी। बता दे कि रसद विभाग पाली की ओर पिछले कुछ दिनों से शहर में लगातार कार्रवाई की जा रही है। दो दिन पहले सोजत सिटी थाना क्षेत्र में अवैध रूप से स्टोर किया गया पेट्रोल-डीजल जब्ती कार्रवाई की गई। घरेलू गैस सिलेंडरों का दुरुपयोग रोकने के लिए भी विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है

198925 किसानों ने करवाया पंजीकरण

जालोर, (कासं)। एग्रीस्टैक योजना के तहत किसानों को सशक्त करने के उद्देश्य से जालोर जिले में ग्राम पंचायतवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 198925 किसान अपना पंजीकरण करवा चुके हैं। अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेश मेवाड़ा ने बताया कि एग्रीस्टैक योजना के तहत आहोर तहसील में 29 मार्च को भंवरानी, बादनवाड़ी, सामुजा, वेडिया, देच्छू, देबावास, ओडवाड़ा, पावटा, सेदरिया बालोतान, थांवला व अगवरी, जालोर तहसील में 29 मार्च तक आकोली, बाकरा, उम्मेदाबाद व बिशनगढ एवं 29 से 31 मार्च तक पंचायत समिति जालोऱ, सांचौर तहसील में 29 मार्च को सांकड़, हाडेतर, हरियाली, नैनोल, जैलातरा, पालड़ी सोलंकियान, पांचला, प्रतापपुरा, किलवा व बिजरोल खेड़ा, 29 से 31 मार्च तक सांचौर तथा रानीवाड़ा तहसील में 29 व 30 मार्च तक जोड़वास, कोटड़ा, डूंगरी, भाटीप, चितरोड़ी, सुरजवाड़ा, वणधर, तावीदर, बड़गांव, आजोदर व रानीवाड़ा कलां में शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। वर्तमान में शिविरों में नि:शुल्क पंजीकरण की सुविधा किसानों को प्राप्त हो रही हैं। शिविरों में पंजीयन नहीं करवाने फर बाद में सशुल्क पंजीकरण करवाना होगा।

अतिक्रमण हटाकर रास्ता खुलवाया

गुड़ामालानी, (नि.सं.)। गुड़ामालानी मुख्यालय के अहिंसा सर्किल से जालोर जाने वाले मुख्य सडक मार्ग पर ग्राम पंचायत की दुकानों के पास दो दिन पुर्व रात्रि को पत्थर की पट्टीया लगाकर अतिक्रमण कर लिया। सुचना व शिकायत पर पुलिस ओर प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जा हटाते हुए रास्ता खुलवाया। ग्राम पंचायत की दुकानों के पास अतिक्रमण होने की सुचना एवं परिवादी नरपतसिंह की शिकायत पर तहसीलदार गिरीराज शर्मा, पटवारी व थानाप्रभारी देवीचंद ढाका एव पुलिस जाब्ता मय टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी से लगी अवैध पत्थर की पटिया, गेट आदि अवैध कब्जा व पुर्ण अतिक्रमण हटाते हुए 19 फीट का बंद आम रास्ता खुलवाया। रास्ता खुलने पर पीछे रहने वाले रहवासियों को बडी राहत मिलने पर उन्होंने प्रशासन का आभार जताया। वहीं शुक्रवार को पुलिस प्रशासन ने मौका मुआयना करते हुए अतिक्रमण नहीं करने को पांबद कर यथा स्थिती रखने को लेकर हिदायत दी।

रमजान के आखिरी जुम्मा की नमाज हुई

रेवदर, (निसं)। उपखंड के मंडार,बासन, अनादरा, रेवदर की मस्जिदों में आज रमजान माह के आखरी जुम्मे की मोमीनो ने नमाज अदा की। कस्बा स्थित मस्जिद में भी बडी तादाद में नमाजी पहुंचे। मौलाना जावेद अनवर ने नमाज से पूर्व तकरीर करते हुए अलविदा रमजान पर तफसील से बया नम आंखों से इस तरह बयान किया कि जब कोई खास दोस्त, भाई साल भर के लिए जुदा हो तो हम कैसे दुखी मन से उसे विदा करते है। वैसे ही आज रमजान जा रहा है अगले साल किसके नसीब में आयेगा किसके नही ये सिर्फ रब जानता है। जिसने रोजे रखे,नमाज पढी, गुनाहों से तौबा की , गरीबों का ख्याल रखा उनकी मदद की, भूखे को खाना खिलाए, ऐसे इंसान को रब पसन्द करता है। जामा मस्जिद अनादरा के मौलाना सिकंदर खान साहब ने बताया कि ईद की नमाज साढे आठ बजे होगी।

कार्मिकों ने ली शपथ

बालोतरा, (निसं)। जिला कलक्टर कार्यालय में राजस्थान दिवस के उपलक्ष पर समस्त कार्मिकों के द्वारा राजस्व अपील अधिकारी, बाडमेर नवदीप कुमार एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. गुंजन शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान की महान परपंराओं का सम्मान एवं निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर समस्त कार्मिकों के द्वारा राज्य के विकास एवं खुशहाली में सक्रिय भागीदार निभाने, राजस्थान को समृद्ध, स्वच्छ, स्वस्थ, हरित और आत्मनिर्भर प्रदेश बनाने, महिलाओं, युवाओं, किसानों, श्रमिकों और वंचित वर्गों के सम्मान, अधिकारों और सशक्तिकरण के लिए कार्य करने के साथ विरासत भी और विकास भी की भावना को ध्यान में रखते हुए राज्य के विकास में निरंतर योगदान की शपथ ली गई।

सारस्वत को सदस्य बनाने से खुशी

धोरीमन्ना, (नि.सं.)। क्षेत्र में राजस्थान ब्राह्मण महासभा धोरीमन्ना शाखा ने सारस्वत समाज के राज्य उपभोक्ता आयोग परीक्षा परिणाम में रामनिवास सारस्वत परिक्षा में टॉपर रहने पर व राज्य उपभोक्ता आयोग जयपुर में सदस्य नियुक्त होने पर ब्राह्मण समाज ने खुशी जताई एवं एक दुसरे का मुंह मीठा करवाकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राजस्थान ब्राह्मण महासभा धोरीमन्ना अध्यक्ष राणाराम राजपुरोहित, ज्वाला प्रसाद सारस्वत, धनराज सिडोलिया, बाबूलाल तेतरवाल, जयकिशन भादू, जगदीश प्रसाद सोनी, सहित कई लोगों ने खुशी जताई, एवं बधाई दी।

MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.04.2025 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

बाडमेर, बाडमेर, 138040700003691, जोधपुर, महा मंदिर सर्कल, 123010700037817, फलौदी शाखा राजस्थान, 135610700016068, सरस्वती नगर जोधपुर, 124320700036609, 6628, 6697, 124320730031897, पाली, मानड़िया रोड, 115370730025016, सूरजपोल पाली, 115410700028055, 8091, 115410730023193,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

सुशासन एवं ई-गवर्नेंस राज्य सरकार की प्राथमिकता : गर्ग

जालोर, (कासं)। राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में साप्ताहिक महोत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को भीलवाड़ा से राज्य स्तरीय विकास एवं सुशासन उत्सव में विभिन्न जिलों के लाभार्थियों से वर्चुअल जुड़े। जिला स्तरीय सुशासन समारोह जालोर क्लब में शुक्रवार को राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ।

राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपणो अग्रणी राजस्थान के सपने को साकार करने के लिए राज्य सरकार ने सुशासन के जरिये प्रदेश के विकास को नई गति प्रदान की है। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं के दिशा-निर्देश जारी करने के साथ ही 10 हजार करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। आयोजन में शर्मा द्वारा डेलीगेशन के आदेश, फायर एनओसी प्राप्त करने की प्रक्रिया के सरलीकरण के आदेश, नए जिलों में डीएमएफटी के गठन के आदेश, राजस्थान सर्कुलर इकॉनॉमी इन्सेन्टिव स्कीम के दिशा-निर्देश, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शहरी विकास योजना के दिशा-निर्देश, हरित अरावली विकास परियोजना एवं अन्नपूर्णा भण्डार के दिशा-निर्देश जारी करने के साथ ही प्रत्येक जिले की पंचगौरव बुकलेट भी जारी की। विशेष रूप से मुख्यमंत्री शर्मा पत्रकारों की हेल्थ कवरेज योजना (आरजेएचएस) का शुभारम्भ भी किया। मुख्यमंत्री द्वारा सब रजिस्ट्रार कार्यालय का समय सप्ताह में 2 दिन सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक करने के दिशा-निर्देश जारी करने के साथ ही राजस्थान सम्पर्क 2.0 पोर्टल का शुभारम्भ एवं चिकित्सा ऐप भी लॉन्च किया तथा ई-गवर्नेंस अवार्ड भी प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद भी किया।

जालोर क्लब में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि सुशासन एवं ई-गवर्नेंस राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में संवेदनशील, पारदर्शी एवं जवाबदेही सरकार विकसित राजस्थान के संकल्प के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभान्वितों को बधाई देते हुए कहा कि पात्र व्यक्ति को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाना सरकार की प्राथमिकता है। समारोह के दौरान मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप. के गावंडे व मंजू सोलंकी ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत लाभार्थियों को किस्त के चैक, मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत 100 दिन का रोजगार वाले श्रमिकों एवं स्ट्रीट वेण्डर्स को विक्रय प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन अम्बिका प्रसाद तिवारी ने किया। जिला स्तरीय समारोह में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे व मंजू सोलंकी, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजौरा व नगर परिषद आयुक्त अनिता पहाड़िया द्वारा जालोर जिले की पंच गौरव पुस्तिका का विमोचन किया गया।

पुस्तिका में जालोर जिले के पंच गौरव एक जिला एक गतव्य "सुंधा माता", एक जिला एक उत्पाद "ग्रेनाइट", एक जिला एक उपज "अनार", एक जिला एक खेल "बॉक्सिंग" एवं एक जिला एक प्रजाति "जाल वृक्ष" के संबंध में विस्तृत जानकारी का समावेश किया गया है।

समारोह में आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के सहायक निदेशक धनसिंह राजपुरोहित, नगर परिषद के अधिशासी अभियंता दिलीप माथुर, डीपीएम नरेन्द्र कुमार, डीओआईटी के संयुक्त निदेशक कपिल लुणा, डिस्कॉम के अधिशासी अभियंता नारायणलाल सुथार, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भजनलाल विश्नोई सहित विभागीय अधिकारी-कार्मिक एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

वही राजस्थान दिवस पर 30 मार्च को राजपत्रित अवकाश होने के कारण जिले के सभी राजकीय कार्यालयों, शिक्षण संस्थाओं में 28 मार्च को शपथ समारोह का आयोजन हुआ। राजस्थान दिवस के गौरवमयी अवसर पर शुक्रवार को सभी विभागाध्यक्षों ने अपने-अपने कार्यालयों में उपस्थित अधिकारियों एवं कार्मिकों को प्रदेश के विकास, खुशहाली, आत्मनिर्भरता और समृद्धि के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ दिलाई। शपथ समारोह में विभाग के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने उपस्थित होकर विरासत भी और विकास भी की भावना को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के विकास के प्रति निष्ठा के लिए संकल्पबद्ध रहकर काम करने की शपथ ली।

खींवसर ने प्रताप मैदान के भूमिगत पार्किंग कार्य का शिलान्यास किया

जैसलमेर, (नि.सं.)। जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय सुशासन समारोह उत्कर्ष जैन भवन में आयोजित हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला प्रभारी व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्रसिंह खींवसर ने शिरकत की। इस अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की संपूर्ण व्यवस्थाओं में जनता के प्रति जवाजवाबदेही, पारदर्शिता और सेवा-भाव से सभी को समर्पित कार्यप्रणाली सुनिश्चित करना सुशासन का मूलमंत्र है।

सर्वप्रथम चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्रसिंह खींवसर ने 15.90 करोड़ रुपये लागत से जैसलमेर में महाराणा प्रताप मैदान के भूमिगत पार्किंग कार्य का शिलान्यास किया

जिला स्तरीय सुशासन समारोह में उन्होंने सुशासन का महत्व बताते हुए कहा कि सुशासन के जरिए जीवन में बदलाव लाने वाली अंत्योदय आधारित, पारदर्शी, संवेदनशील और गरीबोन्मुखी कार्यप्रणाली की व्यवस्था करना राज्य सरकार का मुख्य ध्येय है, जिससे आमजन भी स्वाभिमान के साथ जीवनयापन कर सके। उन्होंने बताया कि प्रदेश में शिक्षा, कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य, रोजगार, पर्यावरण सहित मूलभूत सुविधाएं विकसित करना राज्य सरकार की प्राथमिकताएं हैं, जिस पर हमारी सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

जिला स्तरीय सुशासन समारोह के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्रसिंह खींवसर, जिला प्रमुख श्री सोलंकी एवं जिला कलक्टर प्रतापसिंह ने टीबी. मुक्त भारत अभियान के तहत संचालित निक्षय पोषण योजना के तहत सवाईराम, चौखाराम को निक्षय किट वितरित किए एवं छगनाराम, देसलाराम, तुशार एवं अजमाल खां को दिव्यांगता प्रमाण-पत्र तथा मां वाउचर योजना के अन्तर्गत सायरा बानो एवं तमन्ना को मां वाउचर कार्ड प्रदान किये। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता विजय बल्लाणी ने किया।

इस मौके पर जिला प्रमुख प्रतापसिंह सोलंकी, पूर्व विधायक डॉ. जितेन्द्रसिंह, जिला कलक्टर प्रतापसिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रश्मि रानी, उपखण्ड अधिकारी सक्षम गोयल, नगरपरिषद आयुक्त लजपालसिंह सौढ़ा, सहित जिला स्तरीय अधिकारी, अन्य जनप्रतिनिधि सहित अच्छी संख्या में आमजन एवं लाभार्थी उपस्थित थे।

बजट कार्यों पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं : खींवसर

जैसलमेर , (नि.सं.)। जिला प्रभारी मंत्री व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्रसिंह खींवसर ने शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में विभागीय कार्यो एवं बजट घोषणाओं की प्रगति समीक्षा की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्होंने मुख्यमंत्री फ्लैगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं की विभागवार समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जमींनी स्तर पर योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिले इसके लिए परस्पर समन्वय भाव के साथ अपने दायित्वों का पूर्ण जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें।

उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए अधिकारी हर संभव प्रयास करें।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्स अधिकारी डा. राजेंद्र पालीवाल से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में विभाग की ओर से अब तक किये जा रहे कार्यो पर विस्तृत चर्चा की एवं संबंधित अधिकारी से जिले में संचालित पीएससी, सीएससी एवं जिला अस्पतालों में स्वीकृत एवं कार्यरत पदों की जानकारी लेते हुए चिकित्सालयों में रिक्त पदों को शीघ्र भरने पर विशेष जोर दिया।

जिला कलक्टर प्रतापसिंह ने विभागीय कार्यों की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तर पर बजट घोषणाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।

इस अवसर पर जिला प्रमुख प्रतापसिंह सोलंकी, पूर्व विधायक डॉ. जितेन्द्रसिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद रश्मि रानी, अतिरिक्त जिला कलक्टर परसाराम, उपखण्ड अधिकारी सक्षम गोयल, जन प्रतिनिधिगण सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला प्रमुख ने उठाई पानी बिजली की समस्याएं

बैठक में जिला प्रमुख प्रतापसिंह सोलंकी ने नहरी क्षेत्र की बिजली-पानी की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुवे मंत्री को अवगत कराया कि बिजली की डिमांड राशि जमा होते हुवे भी किसानों को बिजली कनेक्शन नहीं मिल रहे है तथा नहर का पानी पूरा नहीं मिल रहा है जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुक़सान हो रहा है। साथ ही शोरऊर्जा हेतु बनजर भूमि आवंटित की सलाह के साथ विंड मिल को प्रोत्साहन देने का सुझाव दिया ताकि पशु पालकों को इसका लाभ मिल सके। मंत्री ने इसे गंभीरता से सुना व इसके समाधान का भरोसा दिलाया।

भारतीय नववर्ष का पोस्टर जारी

जालोर, (कासं)। आर्य समाज स्थापना दिवस एवं भारतीय नव वर्ष (नव संवत्सर) के पोस्टर का विमोचन शुक्रवार आर्य वीर दल राजस्थान के अध्यक्ष संचालक विनोद आर्य,आर्य वीर दल अध्यक्ष कृष्ण कुमार,आर्य समाज के प्रधान दलपत सिंह आर्य, संगठन मंत्री कांतिलाल आर्य व वुशु कोच देवेश आर्य ने पुरानी सब्जी मंडी आर्य वीरम व्यायाम शाला में किया।

आर्य वीर दल के महामंत्री शिवदत्त आर्य ने बताया कि भारतीय नव वर्ष एवं आर्य समाज स्थापना दिवस 30 मार्च को धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसके तहत आर्य वीरम व्यायाम शाला में विभिन्न कार्यक्रम होंगे। प्रातकाल 8 बजे से तक आर्य वीर और वीरांगनाओं द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर नागरिकों का तिलक लगाकर एवं गुड़-धाना खिलाकर स्वागत किया जाएगा। सांय 5 बजे से पंच कुंडीय यज्ञ होगा।उसके बाद आर्ष गुरुकुल महाविद्यालय देलवाडा, आबू पर्वत के अधिष्ठाता स्वामी ओमानन्द सरस्वती के सानिध्य में प्रवचन तथा गुरुकुल के ब्रह्मचर्य द्वारा भजनों का कार्यक्रम होगा।

पाली प्रभारी मंत्री खर्रा ने पंच गौरव पुस्तिका का विमोचन किया

पाली, (नि.सं.)। राजस्थान स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में राज्यस्तरीय कार्यक्रम शुक्रवार को भीलवाडा में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विकास एवं सुशासन समारोह में विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों की राज्य को सौगात दी व अनेक लाभकारी घोषणायें की और कार्यक्रम को सम्बोधित किया। आज शुक्रवार को जिला परिषद में जिला स्तरीय सुशासन समारोह का प्रसारण व आयोजन किया गया। जिसमें प्रभारी एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने जिले के विकास व उत्पादों की पंचगौरव पुस्तिका का विमोचन किया और कार्यक्रम में भाग लिया। जिसमें जिले के विभिन्न विकास की संभावनाओं, कार्या व जानकारी पर प्रकाश डाला गया है। इसमें एक जिला एक उत्पाद में कपड़े की रंगाई छपाई टेक्सटाईल प्रोसेस, एक जिला एक उत्पाद मेहन्दी, एक जिला एक वनस्पति नीम का वृक्ष, एक जिला एक खेल बास्केटबाल, एक जिला एक पर्यटन स्थल रणकपुर जैन मन्दिर को शामिल किया गया है व विकास और उपलब्धियों की संभावनओं को बताया गया है जिनमें पाली जिला समृद्व बन सकता है।

राज्यस्तरीय कार्यक्रम वीसी से प्रसारित किया गया जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अनेक लोकार्पण व शिलान्यास किया, यूडीएच/एलएसजी डेलेगेशन के ऑर्डर जारी करना, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय शहरी विकास योजना, प्रत्येक जिले की पंच गौरव बुकलेट जारी करना, 3317 करोड़ रुपये के कार्यों का शिलान्यास एवं 2088 करोड़ रुपये के कार्यों का लोकार्पण, सब रजिस्ट्रार ऑफिस का समय सप्ताह, पत्रकारों के हेल्थ कवरेज आरजेएचएस योजना का विमोचन, फायर एनओसी प्राप्त करने की प्रक्रिया का सरलीकरण, 10 ई-गर्वनेन्स अवार्ड, अन्नपूर्णा भण्डार के दिशा निर्देश, हरित अरावली विकास परियोजना, राजस्थान सर्कुलर इकोनॉमी इन्सेन्टिव स्कीम, नये जिलो में डीएमएफटी का गठन, राजस्थान संपर्क 2.0 परियोजना का शुभारंभ एवं चिकित्सा ऐप लॉन्च किया। मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों से संवाद भी किया और सीधे ही राज्यस्तरीय कार्यक्रम में बटन दबाकर राज्य के विकास कार्या का लोकार्पण शिलान्यास किया।

जिला परिषद् में कार्यक्रम में जिला कलक्टर एलएन मंत्री, पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट, अतिरिक्त जिला कलक्टर अश्विनी सिंह पंवार, सीईओ मुकेश चौधरी, यूआईटी सचिव डॉ पूजा सक्सेना सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी, सुनील भंडारी, हेमन्त चौधरी व आमजन मौजूद रहे।

इससे पहले प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने शहर के लाखोटिया उद्यान का जायजा लिया और वहां की जानकारी लेकर समस्याओं को सुना और आवश्यक कदम उठाने के लिये कहा।

वार्षिकोत्सव हुआ

रेवदर, (निसं)। रेवदर शहर के आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक रेवदर में गुरुवार शाम विद्यालय का वार्षिकोत्सव अभ्युदय 2025 का आयोजन किया।

कार्यक्रम में सानिध्य महाराज रामेश्वर भारती सरेसी माता मंदिर सेलवाडा, मुख्य अतिथि मंजू देवसी तहसीलदार रेवदर, अध्यक्ष वीसा राम पुरोहित सुरभि प्लाईवुड रेवदर, विशिष्ट अतिथि प्रकाश अग्रवाल समाजसेवी निंबोडा, व मुख्य वक्ता भूराराम पुरोहित जिला संपर्क प्रमुख आ. शि. स. सिरोही, व जिला सचिव लकाराम के आतिथ्य में शुरू हुआ। प्रधानाचार्य प्रवीण रावल ने अतिथि परिचय व स्वागत करवाते हुए विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

कांग्रेस की बैठक आयोजित

जालोर, (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी जालोर की बैठक 28 मार्च को जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल की अध्यक्षता में राजीव गांधी भवन जालोर में हुई।

बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर निकाय/ पंचायतराज पुनसीमांकन/ पुनर्गठन/सीमावर्धि हेतु दावे आपत्ति दर्ज करवाने के लिये जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया।

कमेटी द्वारा जिले की सभी विधानसभा क्षेत्र से दावे आपत्ति लेकर प्रशासन के समक्ष दर्ज करवाने का कार्य किया जायेगा साथ ही आवश्यकता होने पर जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर विरोध दर्ज करवाया जायेगा।

बैठक को प्रदेश महासचिव नैन सिंह राजपुरोहित, आहोर कांग्रेस प्रत्याशी सरोज चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेसी सवाराम पटेल,जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत,संगठन महासचिव वीरेंद्र जोशी,पूर्व प्रधान पदमाराम सरगरा ने भी संबोधित किया।

बैठक में ईशराराम विश्नोई, सायला ब्लॉक अध्यक्ष सवाई सिंह चम्पावत,मांगीलाल प्रजापत, मंडल अध्यक्ष रमेश सोलंकी,लक्ष्मण सांखला, जवानाराम परिहार,मदनलाल दहिया, सोनाराम मेघवाल, खुशाल सिंह राजपुरोहित, लाल सिंह राजपुरोहित, चतराराम सुथार, अनिल पंडत, इंदु परिहार, गीताश्री,शीला चौधरी, जुबेदा नागोरी,खसराम मेघवाल, देवाराम सांखला, प्रेम सिंह मिठडी, जीवाराम परमार, सुरेश मेघवाल, बाबू बस्तीमल चौहान,तरुण सोलंकी, महेंद्र सोनगरा,मांगीलाल गर्ग, आलम खान खेतलवास,फूसाराम माली, जोगाराम सरगरा, उम्मेद सिंह चारण, वगताराम चौधरी, कमल सिंह बालावत,वाहिद मेहर,ओमप्रकाश चौधरी, शेर सिंह हरजी,कपूराराम परिहार, करणवीर मेघवाल, हरीश कुमार, इरफान खान सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

मस्जिदों में भीड़ नजर आई

जालोर, (कासं)। शहर के जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना मारूफ साहब ने बताया कि रमजान का आखिरी जुमा, जिसे जुमातुल विदा कहा जाता है, मुसलमानों के लिए बेहद खास और भावुक दिन होता है। सिलवटों मस्जिद के इमाम सलीम मुस्तफाई ने कहा कि जम्मतुल अलविदा पर मस्जिदें नमाजियों से खचाखच भरी होती हैं, और लोग तादाद में जुमा की नमाज अदा करते हैं। रमजान के रुखसत होने का एहसास लोगों को भावुक कर देता है।

जुमातुल विदा की नमाज में लोग अल्लाह से दुआएं मांगते हैं, अपने गुनाहों की माफी तलब करते हैं और दुनिया में अमन-चैन की दुआ करते हैं। इस मौके पर लोगों की आंखें छलक जाती है रमजान के मुकद्दस महीने की रुखसती का गम और अल्लाह की रहमत की तलब में उनकी आंखें नम हो जाती हैं।

जालोर शहर की प्रमुख मस्जिदों में खास तैयारियां की गई थीं। पिंजरों की मस्जिद में इमाम वकार आलम और सिलावटान मस्जिद में मौलाना सलीम मुस्तफाई ने नमाज करवाई। रमजान के दौरान रोजे व इबादत की नसीहत दी। ऊपर कोटा मस्जिद के नियाज साहब , मुस्लिम मुसाफिर खाना में गुलाम अली , ताजखाना बावडी के पेश इमाम ने जुम्मे की नमाज अता करवाई।

इस मौके पर मुस्लिम समाज की महिलाओं और बच्चों ने भी बढ-चढकर हिस्सा लिया। उन्होंने रोजा रखकर अल्लाह की बारगाह में दुआ मांगी, कुरान की तिलावत की और इबादत में समय बिताया। जम्मतुल विदा पर महिलाएं भी घरों में रोजा रखकर कुरान की तिलावत करती नजर आई।

मंडार संवाददाता के अनुसार : सिरोही जिले के मंडार कस्बे के मस्जिद ए ईरम में अलविदा जुम्मे की नमाज पेश इमाम मौलाना सिद्दीक अकबरी ने अदा करवाई। मौलाना सिद्दीक अकबरी द्वारा तकरीर पेश की गई जिसमें कहा की रमजान उल मुबारक के महीने में प्रत्येक गरीब, निर्धन, मिस्कीन तबके के लोगों का ख्याल रखना चाहिए एवं जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए । अलविदा जुमे के दौरान मौलाना सिद्दीक अकबरी द्वारा खुतबा पढा गया एवं नमाज अदा करवाई गई। नमाज के बाद सलाम पढा गया, सलाम पढने के दौरान सभी अकीदतमंदों की आंखों से आंसू छलक पड़े एवं देश में अमन, चैन व शांति के लिए दुआ की गई।

नागणेचिया माता मंदिर में होंगे कई कार्यक्रम

जोधपुर, (का.स.)। नागाणा स्थित नागणेच्चिया माताजी मंदिर व मंदिर परिसर में 2 अप्रेल को नागाणा मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पूर्व महाराजा गज सिंह जी के मुख्य आतिथ्य में अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रमों में ट्रस्ट उपाध्यक्ष पूर्व महारानी हेमलता राज्ये भी शरीक होंगी।

राजपूत विश्रामगृह का होगा शिलान्यास

ट्रस्टी महामंत्री मेजर जनरल शेर सिंह ने बताया कि 2 अप्रेल को दोपहर 12: